C M Y K

रायगढ़, शुक्रवार
07.04.2017
चैत्र शुक्ल 11
पृष्ठ 8, मूल्य 3

साप्ताहिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

Web: www.nyaysakshi.com

7 | टेस्ट में बेस्ट भारत

6 | सलमान को जेल हो तो...

» वर्ष-1 » अंक-05 »

खबर ए खास

मालवाहक पोत सहित 11 भारतीय अगवा

समुद्री लुटेरों ने सोमालिया के तट पर मालवाहक पोत सहित 11 भारतीयों को अगवा कर लिया है। सभी भारतीय मालवाहक पोत के चालक दल के सदस्य हैं। समुद्री लुटेरों की तरफ से अभी किसी तरह की फिरौती की मांग नहीं की गयी है। समझा जाता है कि समुद्री लुटेरों ने सामान के लालच में आकर मालवाहक पोत को अगवा किया है।

हाफिस सईद और लखवी के बीच अनबन-रिपोर्ट

कश्मीर में आतंक फैलाने को लेकर आतंकवादी संगठन लश्कर ए तैयबा के शीर्ष कमांडरों में अनबन होने की खबर है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को मिली खुफिया इनपुट्स के मुताबिक लश्कर के संस्थापक हाफिज सईद और कश्मीर में आंतकी अभियानों के प्रभारी जकी उर रहमान लखवी के बीच मतभेद होने की बात सामने आयी है।

हाईकोर्ट ने यूपी सरकार से मांगा जवाब

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने यूपी सरकार से 17 ओबीसी जातियों को एससी कैटगरी में शामिल करने पर जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की अधिसूचना की वैधता की चुनौती याचिका पर ये आदेश दिया है,हाईकोर्ट ने पक्षकारों व राज्य सरकार से ये तक कहा है कि जिन्हें जाति प्रमाण पत्र जारी हो चुका है वो याचिका के निर्णय के अधीन होगा।

भारतीय मछुआरे रिहा

विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने आज कहा कि ईरान ने 15 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया है, जिन्हें पिछले साल उनकी बहरीनी नौकाओं के साथ पकड़ा गया था।

सुप्रीम कोर्ट का जल्द सुनवाई से इंकार

सुप्रीम कोर्ट ने आज उस याचिका पर शीघ्र सुनवाई से इनकार किया जिसमें यह सवाल किया गया था, कि क्या गंभीर आपराधिक मामलों का सामना कर रहे लोगों को चुनाव लड़ने की अनुमति दी जा सकती है।

पहली ट्रांसजेंडर सब इंस्पेक्टर

लंबी कानूनी लड़ाई के बाद देश की पहली ट्रांसजेंडर सब इंस्पेक्टर बनी पृथिका यशिनी, देश और दुनिया में ट्रांसजेंडर को दिए जाने वाले अधिकारों को लेकर जहां अलग अलग तरह की बहस जारी है। इस मुद्दे पर हमारे देश में अलग अलग राय रखने वाले लोग हैं।

योगी का पहला इंटरव्यूह

बोले - सत्ता हमारे लिए मौज मस्ती नहीं, 2 महीने में यूपी में बदलाव दिखेगा उत्तर प्रदेश में सत्ता में आने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर के मुद्दे को लेकर अपनी राय जाहिर की है। आरएसएस के मुखपत्र को दिए गए अपने साक्षात्कार में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राम मंदिर का मुद्दा बातचीत से सुलझाया जाना चाहिए। उन्होने सुप्रीम कोर्ट की सलाह का स्वागत किया है।

मनी लांड्रिंग मामला

वीरभद्र सिंह के मनी लॉड्रिंग मामले में ईडी ने 27 करोड़ रूपये का फार्म हाउस कुर्क किया, प्रवर्तन निदेशालय ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह और अन्य के खिलाफ धन शोधन की जांच के संबंध में एक फार्महाउस को कुर्क कर लिया है, जिसका बाजार मूल्य 27 करोड़ रूपये है।

फोन पर दिया तलाक महिला पहुँची योगी के दरबार

पति ने फोन पर दिया तलाक, योगी के दरबार में फरियाद लेकर पहुंची मुस्लिम महिला, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के जनता दरबार में फरियाद लगाने के लिए आज एक मुस्लिम महिला अपने बच्चों के साथ पहुंची।

जीवित को मृत बताया,फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत

पैतृक जायज़ाद हड़पने के लिए , शपथ-पत्र भी प्रस्तुत किया

न्यायसाक्षी रायगढ़। शासन से मान्यता प्राप्त संस्था सोशल जस्टिस् यूनियन के समक्ष प्रस्तुत होकर दिए अपने लिखित आवेदन में नीनीबाई उर्फ नैनीबाई आ0 स्व0 श्री सुन्दर साय, उम्र 65 वर्ष, निवासी ग्राम पो0 बेंगची, थाना एवं तहसील बरमकेला, जिला रायगढ़, छ0ग0 ने बताया कि मैं उक्त पते पर रहती हूँ , मेरी पैतृक जायज़ाद उक्त पते में स्थित है। विदित हो कि मेरे साथ उक्त पैतृक जायज़ाद में मेरे सह खातेदार हैं, जो कि मेरे भाई हैं, जिनका नाम क्र0 01/ फूलसिंह एवं 2/ वीरसिंह हैं। कहा कि, मेरे बड़े भाई क्र0 01 फूलसिंह ने मेरे हिस्से की पैतृक जायज़ाद को हड़पने के लिए आपराधिक षड़यंत्र किया और अपनी पत्नी उमा पति फूलसिंह, अपने दामाद रामलाल आ0 दशरथ, एवं अपनी बेटी गुलापी पति रामलाल के साथ कूटरचना करके माननीय न्यायालय में मुझे मृत बताया गया है, जबकि मैं स्वयं जीवित हूँ , और आपके समक्ष यह आवेदन प्रस्तुत कर रही हूँ।

अपने आवेदन में कहा कि आपको यह भी विदित हो कि फूलसिंह मेरा सगा भाई है, और गुलापी उसकी इकलौती बेटी है, ऐसी स्थिति में स्पष्ट है कि फूलसिंह मेरे हिस्से का जायज़ाद को अपनी बेटी को देना चाहता है, और इस कार्य हेतु उसने स्वयं अपनी पत्नी, बेटी एवं दामाद के साथ मिलकर कूटरचित दस्तावेज तैयार किया और माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया, जो कि समान आशय के साथ कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी एवं छल किए जाने का संज्ञान लिए जाने योग्य अपराध है।

उन्होने उक्त समस्त दस्तावेज जो कि माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किए गए हैं, आवेदन के साथ प्रस्तुत किए हैं, यह भी कहा कि, ये दस्तावेज उक्त सम्बंध में कार्यवाही हेतु सक्षम साक्ष्य हैं, जिसपर अपराध पंजीकृत किए जाने हेतु यह आवेदन सामाजिक न्याय संघ के समक्ष प्रस्तुत है।

वृद्धा ने कहा कि मुझे उक्त के कारण गॉव , परिवार में इस अवस्था में प्रताड़ित होना पड़ रहा है, जिससे भी मुझे बेहद मानसिक कष्ट हो रहा है, अतः यह आवेदन मय गवाहान् न्याय हेतु सक्षम अधिकारियों के समक्ष सामाजिक न्याय संघ के माध्यम से प्रस्तुत कर रहे है, ताकि न्याय प्राप्ति हो सके।

कहा कि मेरे प्रकरण के सापेक्ष में मुझे तत्काल न्यायिक सहायता प्रदान किया जाकर न्यायोचित क्रियांनवन् कराए जाने एवं संदर्भित आपराधिक प्रकरण पंजीकृत कर न्यायोचित कार्यवाही का आदेश कराने की कृपा की जावे।

यह भी कहा कि मैं बहुत पीड़ित हूँ , असहाय हूँ , अतः आवश्यक न्यायोचित कार्यवाही कर मेरी मदद की जावे, इसी प्रार्थना के साथ यह आवेदन मैं सामाजिक न्याय संघ के समक्ष, समक्ष नोटरी शपथ-पत्र के साथ प्रस्तुत करती हूँ।

> जिसपर तत्काल कार्यवाही करते हुए संघ ने प्रकरण को मय दस्तावेज़ श्रीमान् राज्यपाल महोदय, मुख्यमंत्री , पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, थाना प्रभारी, थाना बरमकेला, को प्रेषित किया है, जिसपर कार्यवाही होने की पूरी आशा व्यक्त की गई है।

चीन ने साथ नहीं दिया तो नार्थ कोरिया से अकेले निपट लेंगें - ट्रंप

अमेरिका : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर चीन उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम के खिलाफ कड़ा कदम नही उठाता है, तब अमेरिका अकेले ही कार्रवाई करने के तैयार है। साउथ फ्लोरिडा में अपने मार.ए.लेगो एस्टेट में चीनी राष्ट्रपति शी चिनपिंग की मेजबानी करने के कुछ ही दिन पहले ट्रंप ने फाइनेंशियल टाइम्स के साथ एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की है। बृहस्पतिवार और शुक्रवार को होने वाली बैठक के दौरान शी और ट्रंप के बीच उत्तर कोरिया, व्यापार और दक्षिण चीन सागर में क्षेत्रीय विवाद समेत कई सारे मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। ट्रंप ने अखबार से कहा - हां हम उत्तर कोरिया के बारे में बात करेंगें, उन्होंने कहा उत्तर कोरिया पर चीन का बहुत प्रभाव है और या तो चीन उत्तर कोरिया को लेकर हमारी मदद करने का फैसला करेगा या नहीं करेगा, अगर चीन हमारी मदद करने का फैसला करता है तो यह उसके लिए बहुत अच्छा होगा और अगर वह ऐसा नहीं करता है, तो यह किसी के लिए अच्छा नहीं होगा, ट्रंप ने कहा कि चीन के लिए अमेरिका के साथ काम करने की वजह व्यापार है, उन्होंने कहा कि चीन की मदद के बिना अमेरिका उत्तर कोरिया में हालात से निपट सकता है, जब उनसे पूछा गया कि वह उत्तर कोरिया से कैसे निपटेंगे तब ट्रंप ने कहा - मैं यह आपको बताने नहीं जा रहा हूं आप जानते हैं, मैं अतीत का अमेरिका नहीं हूं, जहां हम आपको यह बताएंगे कि हम पश्चिम एशिया में कहां पर क्या करने जा रहे हैं।

तुरंत न्याय हेतु तकनीक पर जोर सीजेआई को दिलाया भरोसा



इलाहाबाद: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को त्वरित न्याय सुनिश्चित करने लिए प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल की पैरवी की तथा प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति जेएस खेहर को विश्वास दिलाया कि न्यायपालिका पर लंबित मामलों के बोझ कम करने के उनके प्रयासों में सरकार पूरा सहयोग देगी। मोदी ने स्टार्टअप इकाइयों से कहा कि वे ऐसे नवोन्मेषों के साथ सामने आएं जिससे अदालती मामलों का त्वरित निस्तारण हो सके। उन्होंने कहा सरकार चाहती है कि हमारे देश की न्यायिक व्यवस्था सूचना और संचार प्रौद्योगिकी आईसीटी का पूरा इस्तेमाल करे, यह प्राथमिकता होनी चाहिएण् इससे समय और पैसे की भी बचत होगी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 150 वर्ष पूरे होने पर साल भर से चल रहे कार्यक्रम के रविवार को समापन समारोह में प्रधानमंत्री ने कहा मैं प्रधान न्यायाधीश को विश्वास दिलाता हूं कि सरकार न्यायपालिका पर बोझ कम करने और लंबित मामलों को कम करने के उनके संकल्प का समर्थन करेगी, उन्होंने कहा सरकारों ने कानून का जो जंजाल बनाया है, कानून का बोझ जो सामान्य जनों पर लादा गया है, प्रधान न्यायधीश भी कहते हैं कि इस बोझ को कैसे कम किया जाए, मुझे इस बात की खुशी है कि हमारी सरकार के पांच साल पूरे भी नहीं हुए हैं और अब तक हम करीब करीब 1200 कानून खत्म कर चुके हैं। प्रधानमंत्री ने कहा यह न्याय के हित में है कि देशों के लोगों को कानूनों के इस विशाल जटिल जंजाल से मुक्ति मिले, मोदी ने कहा बदले हुए युग में टेक्नोलॉजी की बहुत बड़ी भूमिका है, भारत सरकार ने भी आईसीटी के माध्यम से न्याय व्यवस्था का सरलीकरण करने और उसे मजबूत बनाने का प्रयास किया है, इस टेक्नोलॉजी के माध्यम से अदालतों में गुणात्मक बदलाव आएगा, तेजी आएगी। उन्होंने कहा तारीख लेने के लिए विवेक की जरूरत नहीं होती, मसले सुलझाने के लिए विवेक की जरूरत होती है, अदालत में आने के बजाय मोबाइल पर तारीख लेने की परंपरा क्यों न शुरू की जाए, इससे दूर दराज में तैनात सरकारी अधिकारियों को अपने मामलों के संबंध में अदालतों में पेश होने के लिए नहीं आना पड़ेगा और वे अपना बहुमूल्य समय प्रशासनिक कार्यों को निपटाने में खर्च कर सकेंगे।

बॉब डिलन ने आखिरकार स्वीकारा नोबेल

स्टाकहाम : कइ महाना का अनिश्चितताओं और विवादों के बाद गीतकार और गायक बॉब डिलन ने अंततः एक उल्लासपूर्ण कार्यक्रम में अपना नोबेल सहित्य पुरस्कार आखिरकार स्वीकार कर लिया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार देने वाली स्वीडिश अकादमी ने लंबे समय से जारी इस अटकल पर विराम लगा दिया कि क्या 75 वर्षीय गीतकार स्वर्णपदक और डिप्लोमा ग्रहण करने के लिए स्टॉकहोम में कार्यक्रम का इस्तेमाल करेंगे या नहीं। उन्हें इस पुरस्कार के लिए अक्तूबर में चुना गया था। अकादमी की स्थायी सचिव सारा डेनियस ने अपने ब्लॉग में लिखा कि स्टॉकहोम में एक निजी समारोह में डिल को ये भेंट किये गये जहां अकादमी के 12 सदस्य मौजूद थे। डिलन को उनके गीतों के लिए साहित्य में यह नोबेल पुरस्कार दिया गया है। डिलन ऐसे पहले गीतकार है, जिन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया गया है और इसके साथ ही वह नोबेल पुरस्कार पाने वाले प्रसिद्ध साहित्यकारों की श्रेणी में शामिल हो गये हैं।

रमन सिंह ने यहां कहा कि राज्य में गायों की हत्या करने वालों को लटका दिया जाएगा

रायपुर: छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रमन सिंह ने यहां कहा कि राज्य में गायों की हत्या करने वालों को लटका दिया जाएगा। बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर में एक कार्यक्रम में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान सिंह से जब पूछा गया कि गाय की सुरक्षा के लिए राज्य में कोई कड़ा कानून बनाया जाएगा। तब मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में ऐसी कोई गतिविधि नहीं हो रही है। पिछले 15 सालों में राज्य में ऐसी कोई गतिविधि नहीं हुई है। सिंह ने कहा जो यहां गायों को मारेगा उसे लटका देंगे।

गौ वध के लिए आजीवन कारावास

इससे पहले गुजरात विधानसभा में पशु संरक्षण को लेकर शुक्रवार 31 मार्च को पारित किये गये कड़े कानूनी प्रावधान वाले संशोधन विधयेक के अंतर्गत गौ वध का दोषी पाये जाने वालों की सजा बढ़ाकर आजीवन कारावास कर दी गयी। गौरतलब है कि इस साल गुजरात में विधानसभा चुनाव होना है। इस संशोधन विधेयक के पारित होने के साथ ही गौ वध के लिए आजीवन कारावास का प्रावधान करने वाला गुजरात देश का पहला राज्य बन गया है। साथ ही गौ वध को गैर.जमानती अपराध बनाया गया है।

गौमांस पर दस वर्ष की जेल

गुजरात पशु संरक्षण संशोधन विधेयक के अंतर्गत गौमांस को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने, एकत्रित करने और उसकी बिक्री करने के लिए भी दस वर्ष की जेल का प्रावधान है, विधेयक में रात के समय पशुओं को एक जगह से दूसरे जगह ले जाने को भी प्रतिबंधित किया गया है।

मुठभेड़ में 6 नक्सली मारे गए दो जवान शहीद

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले के बरदम में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 6 नक्सलियों के मारे जाने की सूचना है। खबर है कि मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के दो जवान भी शहीद हुए है। खबर है कि सुरक्षा बलों को इस मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों के पास से भारी मात्रा में असलह भी मिला है। ये हमला दंतेवाड़ा के बुरगुम में तोयापारा के पहाड़ी और जंगली इलाके में गश्त कर रहे सुरक्षाबलों के जवान पर घात लगाकर किया गया। जवानों ने भी बचाव करते हुए तुरंत मोर्चा संभाला और मुठभेड़ में 6 नक्सलियों को मार गिराया। गोलीबारी में सुरक्षाबलों के एएसपी को गोली लगने की खबर है, मौके से दो एसएलआर और एक एके47 बरामद हुई है।

जबलपुर आर्डिनेंस फैक्ट्री में लगी आग

भोपाल:मध्यप्रदेश के जबलपुर शहर के बाहरी इलाके में स्थित आर्डिनेस फैक्ट्री खमरिया में लगी भीषण आग पर तीन घंटे में काबू पा लिया गया। आग लगने के कारण कारखाने में लगातार धमाके होने लगे थे। इस हादसे में छह लोगों के घायल होने की खबर है। आग इतनी भीषण थी कि घंटों तक रुकरुक कर धमाके होते रहे। बड़े हादसे की आशंका को देखते हुए आसपास के लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचा दिया गया।

आतंकवादियों का सेना पर हमला

श्रीनगर। श्रीनगर के पंथाचौक इलाके में सोमवार को सुरक्षा बलों को ले जा रही गाड़ी पर हुये आतंकवादी हमले में छह सीआरपीएफ कर्मी और एक नागरिक घायल हो गये। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि आतंकवादियों ने दोपहर पंथाचौक इलाके के सेमपोरा में सीआरपीएफ की 97वीं बटालियन के जवानों को लेकर जा रहे असैनिक वाहन पर फायरिंग की उन्होंने कहा कि इस हमले में सीआरपीएफ के छह जवान और गाड़ी का असैनिक चालक घायल हो गये, सीआरपीएफ कर्मी नौ अप्रैल को होने वाले श्रीनगर लोकसभा सीट के उपचुनाव के लिये श्रीनगर जा रहे थे, गौरतलब है कि शनिवार को पारिंमपोरा पंथाचौक बाइपास रोड में एक अस्पताल के पास सेना के काफिले पर गोलियां चलाई, इस गोलीबारी में एक जवान घायल हो गया। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने करीब 1.15 मिनट पर बेमीना के एसकेआईएमएस अस्पताल के निकट सेना के काफिले पर गोलियां चलाई उन्होंने बताया कि काफिले के अंतिम वाहन पर गोलियां लगीं जिसके बाद जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

20 साल के बाद बदला रणनीतिक गुणा-भाग

इस्लामाबाद : युद्धग्रस्त अफगानिस्तान में स्थिरता लाने के उद्देश्य से चीन पाकिस्तान और रूस एक गठबंधन बनाने के लिए करीब आ रहे हैं। जहां तीनों देश आतंकी समूह इस्लामिक स्टेट को एक साझा खतरे के रूप में देखते हैं। यह बात आज एक मीडिया रिपोर्ट में कही गई, दो दशक से अधिक समय की प्रतिस्पर्धा के बाद रणनीतिक गुणा भाग बदल रहा है। इस्लामाबाद और मॉस्को दशकों तक अपने बीच रिश्तों के ठंडा रहने के बाद एक नाटकीय परिदृश्य में संभावित गठबंधन का हिस्सा बनने की ओर अग्रसर हैं। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने लिखा है कि पाकिस्तान और रूस को हाथ मिलाने को इन आशंकाओं ने विवश किया है कि हो सकता है कि अमेरिका अपने रणनीतिक हितों के चलते अफगानिस्तान में स्थिरता लाने में रुचि न रखता हो रिपोर्ट के अनुसार इन आशंकाओं ने अब एक अभूतपूर्व घटनाक्रम में पाकिस्तानए रूस और चीन के बीच एक गठबंधन की संभावना का द्वार खोल दिया है, इसने सेना और विदेश कार्यालय के सूत्रों के हवाले से कहा कि तीनों देश क्षेत्रीय स्थिरता लाने, खासकर अफगान युद्ध का राजनीतिक समाधान ढूंढ़ने के उद्देश्य से गठबंधन बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि चीन और रूस भी इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि अमेरिका अफगानिस्तान में संघर्ष को लंबा खींचना चाहता है। अधिकारियों ने रेखांकित किया कि इस स्थिति ने पाकिस्तान के समक्ष इस विकल्प के सिवाय कोई और विकल्प नहीं छोड़ा है कि रूस चीन और ईरान के साथ मिलकर क्षेत्रीय समाधान किया जाए, मॉस्को अफगान समस्या पर चर्चा के लिए पहले ही पाकिस्तानी और चीनी अधिकारियों के साथ दो बैठक कर चुका है, एक अन्य बैठक इस महीने के अंत में होनी है। इन बैठकों का उद्देश्य अफगान संघर्ष को लेकर एक क्षेत्रीय सहमति बनाने का है।

चीन से क्यों भागे थें दलाईलामा?-चीन ने बताई वजह

बीजिंग: चीन ने कहा कि दलाई लामा 1959 में सशस्त्र विद्रोह के विफल होने के बाद तिब्बत से भारत भाग गए थे। चीन ने दलाई लामा के उस बयान को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि बढ़ती चीनी सैन्य कार्रवाई के कारण भागने के अलावा उनके पास और कोई विकल्प नहीं था। चीनी विदेश मंत्रालय ने उनकी टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जैसा सर्वविदित है 14 वें दलाई लामा एक चीन विरोधी अलगाववादी हैं, जो तिब्बत में मार्च 1959 में एक प्रतिक्रियावादी समूह के विफल सशस्त्र विद्रोह के बाद से लंबे समय से निर्वासन में हैं। दलाई लामा के बयान के बारे में पूछे गए सवाल के लिखित जवाब में मंत्रालय ने कहा, उनके बयान चीन विरोधी अलगाववादी उद्देश्य की पूर्ति करते हैं और वे तथ्यों से परे हैं, उनके भारत में प्रवास पर मंत्रालय ने कहा चीनी सरकार किसी भी देश के 14 वें दलाई समूह के चीन विरोधी अलगाववादी गतिविधियों के समर्थन का दृढ़ता से विरोध करती है, तिब्बती आध्यात्मिक गुर दलाई लामा ने आज कहा कि बाल्य अवस्था में उन्हें बिल्कुल ज्ञात नहीं था कि उनकी वास्तविक स्थिति क्या है? और इससे संबद्ध कठिन अध्ययन उन्हें बोझ के समान लगते थे, गुवाहाटी में असम सरकार की ओर से आयोजित नमामि ब्रह्मपुत्र नदी महोत्सव के संवाद सत्र के दौरान 14वें दलाई लामा ने कहा जब दलाई लामा को ढूंढते हुए तलाश दल मेरे गांव पहुंचा, तब मैं महज तीन या चार साल का बालक था और उनके आने से मैं बेहद उत्साहित था, उन्होंने दावा किया कि वहां आये सदस्यों में से कुछ को उन्होंने पहचान लिया और उनकी ओर दौड़ पड़े, सात वर्ष की उम्र में जो कठिन अध्ययन और पारंपरिक पाठ याद करना पड़ता, वह मेरे लिये वाकई में बोझ की तरह था और मैं उसे बिल्कुल पसंद नहीं करता था, उन्होंने कहा मैं बहुत आलसी किस्म का छात्र था और मुझे पढ़ना अच्छा नहीं लगता था, लेकिन बाद में मुझे अध्ययन की महत्ता का भान हुआ कि किस तरह से यह समाज को बदल सकता है, नोबल पुरस्कार जीतना उनके लिये नये आयाम खोलने के समान था, क्योंकि इसने उन्हें लोगों से मिलने, विचारों के आदान प्रदान और ज्ञान साझा करने का अवसर दिया।

C M Y K